अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक / गोपनीय / 2021 / 46 रीवा, दिनांक : 01/4/2021

अतिआवश्यक

प्रति,

1. विभागाध्यक्ष / प्रभारी आचार्य,
   समस्त शैक्षणिक विभाग
   अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

2. प्राचार्य,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा क्षेत्र।

विषय–दिसंबर 2020 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन प्रेषण के संबंध में।

महोदय / महोदया,

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिन स्नातकोत्तर एवं स्नातक सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। परिणाम घोषित करने के की तिथि 31 मार्च तक निर्धारित की गई थी। महाविद्यालयों द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अभी तक एम.पी. ऑनलाइन में अपलोड़ नहीं किया गया है, जिसकी वजह से परिणाम घोषित करने मे कठिनाई हो रही है।

अतः सभी आदरणीय प्राचार्यों से अनुरोध है कि दिनांक 01.04.2021 से 05.04.2021 तक सभी संबंधित पाठ्यक्रमों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपलोड कराने को प्राथमिकता देने की कृपा करें। यदि निर्धारित तिथि तक अंक अपलोड नही होता तो संबंधित महाविद्यालयों के परिणाम रोक कर शेष परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित होने के लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का उत्तरदायित्व होगा।

आशा है छात्र हित में इस अनुरोध को स्वीकार कर ऑनलाइन अंक प्रेषण कार्य में शीघ्रता की जाएगी ।

सधन्यवाद,

1.4.21
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, रीवा संभाग, रीवा।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र. सिंह वि.वि. रीवा।
4. मान. कुलपति जी के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक।

1.4.2021
सहायक कुलसचिव (गोपनीय)